# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

## अध्ययन प्रश्न - 2024-25

**कक्षा : ग्यारहवीं** **विषय : हिन्दी (आधार)**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश -**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं- खण्ड (अ) और खण्ड (ब)।
2. खंड (अ) में बहुविकल्पीय और खंड (ब) में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।
3. खण्ड अ में कुल 6 प्रश्न के 30 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए हैं।खंड ब में कुल 9 प्रश्न हैं।
4. निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
6. प्रश्न का उत्तर लिखते समय प्रश्न क्रम संख्या अवश्य लिखें।
7. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।

## खंड - अ

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**प्रश्न- 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 1= 5 अंक**

'उत्साह की गिनती अच्छे गुणों में होती है। किसी भाव के अच्छे या बुरे होने का निश्चय अधिकतर उसकी प्रवृत्ति के शुभ या अशुभ परिणाम के विचार से होता है। वही उत्साह जो कर्तव्य कर्मों के प्रति इतना सुंदर दिखाई पड़ता है। अकर्तव्य कर्मों की ओर होने पर वैसा श्लाघ्य नहीं प्रतीत होता। आत्म-रक्षा, पर-रक्षा, देश-रक्षा आदि के निमित्त साहस की जो उमंग देखी जाती है, उसमे परपीड़न, डकैती आदि कर्मों का साहस कभी नहीं पहुँच सकता। यह बात होते हुए भी विशुद्ध उत्साह या साहस की प्रशंसा संसार में थोड़ी-बहुत होती ही है। अत्याचारियों या डाकुओं के शौर्य और साहस की कथाएँ भी लोग तारीफ़ करते हुए सुनते हैं।

अब तक उत्साह का प्रधान रूप ही हमारे सामने रहा, जिसमें साहस का पूरा योग रहता है। पर कर्ममात्र के संपादन में जो तत्परतापूर्ण आनंद देखा जाता है यह भी उत्साह ही कहा जाता है। सब कामों में साहस अपेक्षित नहीं होता, पर थोड़ा-बहुत आराम, विश्राम, सुभीते इत्यादि का त्याग सबमें करना पड़ता है और कुछ नहीं तो उठकर बैठना, खड़ा होना या दस-पाँच कदम चलना ही पड़ता है। जब तक आनंद का लगाव किसी क्रिया, व्यापार या उसकी भावना के साथ नहीं दिखाई पड़ता तब तक उसे 'उत्साह' की संज्ञा प्राप्त नहीं होती। यदि किसी प्रिय मित्र के आने का समाचार पाकर हम चुपचाप ज्यों-के-त्यों आनंदित होकर बैठे रह जाएँ या थोड़ा हँस भी दें तो यह हमारा उत्साह नहीं कहा जाएगा।

हमारा उत्साह तभी कहा जाएगा जब हम अपने मित्र का आगमन सुनते ही उठ खड़े होंगे, उससे मिलने के लिए दौड़ पड़ेंगे और उसके ठहरने आदि के प्रबंध में प्रसन्न-मुख इधर-उधर आते-जाते दिखाई देंगे। प्रयत्न और कर्म-संकल्प उत्साह नामक आनंद के नित्य लक्षण हैं।

प्रत्येक कर्म में थोड़ा या बहुत बुद्धि का योग भी रहता है। कुछ कर्मों में तो बुद्धि की तत्परता और शरीर की तत्परता दोनों बराबर साथ-साथ चलती है। उत्साह की उमंग जिस प्रकार हाथ-पैर चलवाती है उसी प्रकार बुद्धि से भी काम कराती है। ऐसे उत्साह वाले को कर्मवीर कहना चाहिए या बुद्धिवीर-यह प्रश्न मुद्राराक्षस-नाटक बहुत अच्छी तरह हमारे सामने लाता है। चाणक्य और राक्षस के बीच जो चोटें चली हैं वे नीति की है-शस्त्र की नहीं।

प्रश्न 1. उत्साह में सबसे अधिक योगदान किसका रहता है ?

(क) साहस का (ख) धन का (ग) बुद्धि का (घ) चरित्र का

प्रश्न 2. प्रत्येक कर्म में किस का योग रहता है?

(क) साहस का। (ख) बुद्धि का (ग) धन का (घ) क्रोध का

प्रश्न 3. चाणक्य और राक्षस के बीच किस प्रकार की चोटें चली थी ?

(क) मन की (ख) बुद्धि की (ग) नीति की (घ) अनीति की

प्रश्न 4. उत्साह की गिनती किस प्रकार के गुणों में होती है?

(क) तामसिक गुणों में (ख) साहसिक गुणों में (ग) बुरे गुणों में (घ) अच्छे गुणों में

प्रश्न 5. लोग क्या करते हुए अत्याचारियों की कथाएँ सुनते हैं?

(क) तारीफ करते हुए (ख) निंदा करते हुए (ग) दुख जताते हुए। (घ) प्रसन्नता जताते हुए

**प्रश्न- 2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1 x 5 = 5 अंक**

सुख-दुख मुस्काना नीरज से रहना
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
मैं वीर नारी हूँ साहस की बेटी,
मातृभूमि-रक्षा को वीर सजा देती।
आकुल अंतर की पीर राष्ट्र हेतु सहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
मात-भूमि जन्म-भूमि राष्ट्र-भूमि मेरी,
कोटि-कोटि वीर पूत द्वार-द्वार देरी।
जीवन-भर मुस्काए भारत का अँगना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

प्रश्न- i - सुख दुख में मुस्कराते हुए कैसे रहना चाहिए?

(क) धीरज (ख) धीर (ग) शीर (घ) वीर

प्रश्न- ii आकुल अंतर की पीड़ा किसके लिए सहनी चाहिए ?

(क) राष्ट्र (ख) समाज (ग) जाति (घ) धर्म

प्रश्न- iii मातृभूमि जन्मभूमि... मेरी। उपयुक्त शब्द खाली स्थान में भरिए

(क) देवभूमि (ख) गांव भूमि (ग) शहर भूमि। (घ) राष्ट्रभूमि

प्रश्न- iv भारत का अंगना कब तक मुस्कराए

(क) जीवन भर (ख) उम्र भर (ग) मुट्ठी भर (घ) पल भर

प्रश्न- v 'माता' के लिए पर्यायवाची छांटिए-

(क) जननी (ख) दादी (ग) नानी (घ) बुआ

**प्रश्न- 3 काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5x1 = 5 अंक**

(i) अज्ञानी गुरु की शरण में जाने पर शिष्य की बाद में ------- दशा होती है।

(क) ज्ञान प्राप्त करने वाली
(ख) पछतावे वाली
(ग) स्वयं गुरु बनने वाली
(घ) घमण्ड वाली

(ii) 'दधि मथि घृत काढ़ि लियो' से ---------- आशय है।

(क) सार तत्व ग्रहण करना।
(ख) दही बिलोकर घी निकालना
(ग) दूध दही का व्यापार करना
(घ) भगवान की मूर्ति पर दूध चढ़ाना

(iii) कवयित्री किसे पूरी तरह खो देना चाहती है?

(क) इच्छाओं को

(ख) घर वालों के प्रेम को

(ग) भौतिक सुखों को

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) प्रकृति के विनाश और विस्थापन के कारण - - - समाज संकट में है।

(क) कस्बावासियों का

(ख) गांववासियों का

(ग) शहरवासियों का

(घ) आदिवासियों का

(v) ' घर की याद' नामक कविता के आधार पर कॉलम अ को कॉलम ब से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए।

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1 पाँव जो पीछे हटाता | (i) नैन जल से छाए होंगे |
| 2 जब कि नीचे आए होंगे | (ii) उन्हें देते धीर रहना |
| 3 किन्तु उनसे यह न कहना | (iii) कोख को मेरी लजाता |

(क) 1 (i), 2(ii) , 3 (iii)

(ख) 1 (ii), 2(iii) . 3 (i)

(ग) 1 (iii), 2(i) , 3 (ii)

(घ) 1 (ii), 2(i) , 3 (iii)

**प्रश्न 4 निम्नलिखित गद्य खंड पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 * 1 = 5**

(i) 'न्याय और नीति सब लक्ष्मी के खिलौने हैं' कथन किसका है?

(क) वंशीधर का

(ख) अलोपीदीन का

(ग) बदलू सिंह का

(घ) वंशीधर के पिता का

(ii) रजनी एकांकी में अमित के गणित विषय में कम अंक आने का क्या कारण था ?

(क) पढ़ाई पर ध्यान न देने के कारण।

(ख) परीक्षा के समय बीमार होने के कारण

(ग) परीक्षा में नकल करते पकड़े जाने के कारण

(घ) ट्यूशन न लेने पर अध्यापक द्वारा कम अंक देने के कारण

(iii)' अपू के साथ ढ़ाई साल' नामक पाठ साहित्य की --- विधा है।

(क) रेखाचित्र

(ख) आत्मकथा

(ग) संस्मरण

(घ) जीवनी

(iv) 'गलता लोहा ' पाठ में मोहन कैसी बुद्धि का बालक था?

(क) मंद बुद्धि

(ख) कुशाग्र बुद्धि

(ग) सामान्य बुद्धि

(घ) इनमें से कोई नहीं

(v) 'जामुन का पेड़' नामक पाठ के आधार पर कॉलम अ को कॉलम ब से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए।

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1 माली दौड़ा दौड़ा | (i) बाहर लॉन में आया |
| 2 क्लर्क दौड़ा-दौड़ा | (ii) चपरासी के पास गया |
| 3 सुपरिंटेंडेंट दौड़ा- दौड़ा | (iii) सुपरिंटेंडेंट के पास गया |

(क) 1 (i), 2(ii), 3 (iii)
(ख) 1 (ii), 2(iii) 3 (i)
(ग) 1 (iii), 2(i) 3 (ii)
(घ) 1 (ii), 2(i) 3 (ii)

**प्रश्न- 5 अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 x 1= 5 अंक**

(i) कक्षा समूह में आपसी विचार-विमर्श संचार के --- प्रकार का उदाहरण है।
(क) समूह संचार
(ख) अंतः वैयक्तिक
(ग) जनसंचार
(घ) अंतर वैयक्तिक

(ii) तथ्यों की शुद्धता, वस्तुपरकता, निष्पक्षता, संतुलन और स्रोत हैं।
(क) संपादन के प्रकार
(ख) संपादन के गुण
(ग) संपादन के सिद्धांत
(घ) संपादन के तत्त्व

(iii) नीचे दिए गए डायरी से संबंधित कथनों में से सही कथन छांटिए।
(क) डायरी अंतरंग रचना है।
(ख) डायरी नितांत वैयक्तिक रचना है।
(ग) डायरी हमारी सबसे अच्छी दोस्त है।
(घ) डायरी स्वलेखन है इसलिए उसमें किसी घटना का एक ही पक्ष उजागर होता है।

(iv) अतीत में होने वाली घटनाओं को जाता है। -- तकनीक से प्रस्तुत किया
(क) फ्लैशबैक
(ख) फ्लैशफारवर्ड
(ग) फ्लैशलाईट
(घ) फ्लैशलाईव

(v) वर्तमान में समाचार माध्यमों में किन समाचारों को प्राथमिकता देने का रुझान प्रबल हुआ है।
(क) राजनीतिक समाचारों को
(ख) खेल संबंधी समाचारों को
(ग) मजेदार और मनोंरजक समाचारों को
(घ) पर्यावरण संबंधी समाचारों को

**प्रश्न 6 व्याकरण पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5x1 = 5 अंक**

(i) ' पंचामृत' में समास - है।
(क) तत्पुरुष
(ख) द्वन्द्व
(ग) कर्मधारय
(घ) द्विगु

(ii) निम्नलिखित में कॉलम अ को कॉलम ब के शब्दों को उचित सन्धि से मिलान कीजिए।

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1 संचय | (i) अयादि सन्धि |
| 2 नाविक | (ii) विसर्ग सन्धि |
| 3 संख्यागमन | (iii) व्यंजन सन्धि |
| 4 निर्धन | (iv) यण् सन्धि |

(क) 1 (ii). 2(iii) 3 (1), 4 (iv)
(ख) 1 (i), 2(ii) , 3 (iii), 4 (iv)
(ग) 1 (iii), 2(i) , 3 (iv), 4 (ii)
(घ) 1 (iv), 2(i) 3 (ii), 4 (iii)

(iii) निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए ।
(क) वह दस आम लेकर आया।
(ख) वह दसों आम को लेकर आया।
(ग) वह दसों आमों को लेकर आया।
(घ) वह दसियों आम को लेकर आया।

(iv) 'एक सेब की पेटी ले आना'। इस वाक्य में दोष है -
(क) शब्द-क्रम संबंधी
(ख) मुहावरे संबंधी
(ग) पुनरुक्ति संबंधी
(घ) परसर्ग संबंधी

(v) 'लम्बोदर' का विग्रह पद होगा ।
(क) लम्बा उदर है जिसका (गणेश जी)
(ख) लम्बा है उदर जिसका
(ग) लम्बे उदर वाले गणेश जी
(घ) लम्बे पेट वाला

## खंड - ब वर्णनात्मक प्रश्न

**प्रश्न- 7 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।** **5 अंक**

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई
जा के सिर मोर-मुकुट, मेरा पति सोई
छाड़ि दयी कुल की कानि कहा करिहै कोई?
संतन ढ़िग बैठि बैठि लोक लाज खोयी। -

**अथवा**

**निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

नाचने के लिए खुला आंगन
गाने के लिए गीत
हँसने के लिए थोड़ी-सी खिलखिलाहट
रोने के लिए मुट्ठी भर एकांत
बच्चों के लिए मैदान
पशुओं के लिए हरी-हरी घास
बूढ़ों के लिए पहाड़ों की शान्ति।

(i) कविता और कवयित्री का नाम लिखिए।
(ii) कवयित्री किन गीतों को बचाने की बात कहती है?
(iii) कवयित्री ने बच्चों, पशुओं और बुजुर्गों को क्या प्राप्त होने की बात की है?
(iv) कवयित्री ने किस प्रकार की चिंता व्यक्त की है?
(v) अवतरण में निहित काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न- 8 काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए ।**

क) कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है। इसके समर्थन में उन्होंने कौन -कौन से तर्क दिए हैं? 3 अंक

ख) 'सबसे ख़तरनाक' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए । 2 अंक

**प्रश्न- 9 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । 5 अंक**

बिछुड़ने का समय बड़ा करुणोत्पादक होता है। आपको बिछड़ते देखकर आज हृदय में बड़ा दुख है। माइ लॉर्ड ! आपके दूसरी बार इस देश में आने से भारतवासी किसी प्रकार प्रसन्न न थे। वे यही चाहते थे कि फिर न आयें। पर आप आए और उससे यहाँ के लोग बहुत ही दुसित हुए। वे दिन-रात यही मानते थे कि जल्द यहाँ से पढ़ारें। पर अहो! आपके जाने पर हर्ष की जगह विषाद होता है। इसी से जाना कि बिछडन-समय बड़ा करुणोत्पादक होता है, बड़ा पवित्र बढ़ा निर्मल और बड़ा कोमल होता है। वैर-भाव छूटकर शांत रस का आविर्भाव उस समय होता है।

**अथवा**

प्राइमरी स्कूल की सीमा लाँघते ही मोहन ने छात्रवृत्ति प्राप्त कर त्रिलोक सिंह मास्टर की भविष्यवाणी को किसी हद तक सिद्ध कर दिया तो साधारण हैसियत वाले यजमानों की पुरोहिताई करने वाले वंशीधर तिवारी का हौंसला बढ़ गया और वे मी अपने पुत्र को पढ़ा-लिखा कर बड़ा आदमी बनाने का स्वप्न देखने लगे। पीढ़ियों से चले आते पैतृक धंधे ने उन्हें निराश कर दिया था। दान-दक्षिणा के बूते पर वे किसी तरह परिवार का आधा पेट भर पाते थे। मोहन पढ़-लिखकर वंश का दारिद्रय मिटा दे यह उनकी हार्दिक इच्छा थी।

(i) लेखक व पाठ का नाम लिखिए।

(ii) मोहन ने मास्टर त्रिलोक सिंह की किस भविष्यवाणी को सच सिद्ध किया था?

(iii) वंशीधर जी ने क्या स्वप्न देखना आरंभ कर दिया था?

(iv) वंशीधर जी की हार्दिक इच्छा क्या थी ?

(v) वंशीधर जी की इच्छा पूरी होने में क्या बाधा थी ?

**प्रश्न- 10 गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए ।**

(क) मुंशी वंशीधर की कोई तीन चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। **3 अंक**

(ख) 'भारत माता' पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। **2 अंक**

**प्रश्न- 11 निम्न प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। 5 अंक**

उपायुक्त भिवानी, हरियाणा की ओर से एक कार्यालय आदेश लिखें जिसमें सभी कार्यालयों को अत्याधिक गर्मी को देखते हुए बालवाटिका से बारहवीं तक दिनांक 27 मई से 31 मई तक अवकाश घोषित होने का निर्देश हो।

**अथवा**

स्ववृत में कौन - कौन से बिंदुओं को शामिल किया जाता है और उनकी प्रस्तुति का क्या प्रभाव पड़ता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न- 12 अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए ।**

(क) जनसंचार के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए। **3 अंक**

(ख) पटकथा और नाटक के मूल अंतर को स्पष्ट कीजिए। **2 अंक**

**प्रश्न - 13 वितान भाग -1 पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए ।**

(क) लता ने करुण रस के गानों के साथ न्याय नहीं किया है, जबकि शृंगारपरक गाने वे बड़ी उत्कटता से। गाती है -इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ? **3 अंक**

(ख) 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। **2 अंक**

(ग) तातुश के घर आकर बेबी सुखी थी, फिर भी वह उदास क्यों हो जाती थी ? **2 अंक**

**प्रश्न- 14 व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए ।**

**क)** यमक और श्लेष अलंकार में उदाहरण के माध्यम से अंतर स्पष्ट कीजिए। **3 अंक**

**ख)** 'एकैक' और 'पवन' शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए। **2 अंक**

**प्रश्न- 15 आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए । 2 x 4 = 8 अंक**

क) गीता में कर्म और फल के संबंध में क्या बताया गया है?

ख) 'स्वाध्याय' पाठ में किस सत्य समाचार का उल्लेख हुआ है?

ग) 'धृति' पाठ में विद्यार्थियों के लिए क्या संदेश दिया गया है?

घ) डॉ॰ कलाम द्वारा भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन में निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डालिए ।

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

## अंक योजना

कक्षा - ग्यारहवीं                विषय : (हिन्दी आधार )

समयावधि : 3 घंटे                कुल अंक : 80

---


## सामान्य निर्देश :-

1) अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।
2) वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक योजना में दिये गये उत्तर बिंदु अंतिम नहीं है बल्कि सुझावात्मक एवम् सांकेतिक हैं।
3) यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उन्हें अंक दिए जाएँ।
4) मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्यानुसार नहीं बल्कि अंक योजना में दिए गए निर्देशानुसार ही किया जाए।

| प्रश्न संख्या | प्रश्न उपभाग | उत्तर संकेत/ मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | खंड - अ ( बहुविकल्पीय प्रश्न) | |
| 1 | (i) | क - साहस का | 1 |
| | (ii) | क - साहस का | 1 |
| | (iii) | ग - नीति की | 1 |
| | (iv) | घ - अच्छे गुणों में | 1 |
| | (v) | क - तारीफ़ करते हुए | 1 |
| 2 | (i) | क - धीरज | 1 |
| | (ii) | क - राष्ट्र | 1 |
| | (iii) | घ - राष्ट्रभूमि | 1 |
| | (iv) | क - जीवन भर | 1 |
| | (v) | क - जननी | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | (i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | ख - पछतावे वाली<br>क - सार तत्व ग्रहण करना<br>ग - भौतिक सुखों को<br>घ - आदिवासियों का<br>ग - 1(iii) , 2(i) , 3(ii) | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 4 | (i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | ख - अलोपीदीन<br>घ -ट्यूशन न लेने पर अध्यापकद्वारा कम अंक देने के कारण<br>ग - संस्मरण<br>ख - कुशाग्र बुद्धि<br>ख - 1(ii) , 2(iii) , 3(i) | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 5 | (i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | क - समूह संचार<br>ग - संपादन के सिद्धांत<br>ख - डायरी नितांत वैयक्तिक रचना है<br>क - फ़्लैशबैक<br>ग - मज़ेदार और मनोरंजक समाचारों को | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 6 | (i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | घ - द्विगु<br>ग - 1(iii) , 2(i) , 3(iv) , 4 (ii)<br>क - वह दस आम लेकर आया<br>क - शब्द क्रम संबंधी<br>लंबा उदर है जिसका (गणेश जी) | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| | | खंड ख ( वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| 7 | <br><br><br><br><br>(i)<br>(ii)<br>(iii)<br><br>(iv)<br>(v) | **प्रसंग व संदर्भ** - मीराबाई व पद<br>**व्याख्या** - प्रभु के प्रति समर्पण भाव<br>**काव्य - सौन्दर्य** - अनुप्रास व पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार, राजस्थानी मिश्रित भाषा, प्रसाद गुण आदि<br>**अथवा**<br>निर्मला पुतुल व आओ मिलकर बचाएँ<br>ख़ुशी के समय हमारे मुख से फूट पड़ने वाले गीतों को<br>बच्चों को खेलने के लिए मैदान , पशुओं के लिए हरी- भरी घास और बुजुर्गों के लिए प्राकृतिक शांति की प्राप्ति हो सके।<br>वातावरण पर चिंता व्यक्त की है।<br>शांत रस, छंद मुक्त, अनुप्रास व पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार, खड़ी बोली आदि | 1<br>3<br>1<br><br><br>1<br>1<br>1<br><br>1<br>1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | (क) | • पूरे संसार में एक ही पवन का बहना।<br>• पूरे संसार में एक ही प्रकार का जल का बहना।<br>• एक ही मिट्टी का होना। पर उससे भिन्न-भिन्न बर्तनों का निर्माण। | 3 |
| | (ख) | • संवेदनहीन शासन व्यवस्था पर कटाक्ष।<br>• सामूहिक आवाज़ में शासन को को बदलने की ताकत ।<br>•अपने राजनैतिक लोगों का भी, विदेशी शासकों जैसा व्यवहार। | 2 |
| 9 | | **प्रसंग व संदर्भ -**<br>**व्याख्या** - विवेकानुसार<br>**विशेष** - विवेचनातमक शैली, वाक्य विन्यास सटीक, भाषा सहज ।<br>**अथवा** | 1<br>3<br>1 |
| | (i) | शेखर जोशी व गलता लोहा | 1 |
| | (ii) | मोहन एक दिन बड़ा आदमी बनकर, स्कूल और उनका नाम ऊँचा करेगा | 1 |
| | (iii) | बड़ा आदमी बनाने का स्वप्न देखने लगे। | 1 |
| | (iv) | मोहन एक दिन बड़ा आदमी बने और अपने वंश की गरीबी को दूर करे। | 1 |
| | (v) | गाँव में आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल न होना। | 1 |
| 10 | (क) | निर्धन एवं अभावग्रस्त<br>दृढ़ निश्चयी और कर्मठ<br>कर्तव्यनिष्ठ<br>पारखी | 3 |
| | (ख) | विविधताओं में भी एकता।<br>भौगोलिक संसाधनों के साथ-साथ, भारत में रहने वाले करोड़ों लोग भी भारत माता है।<br>जल को प्रकृति की अनमोल धोट | 2 |
| 11 | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | <br>उपायुक्त, कार्यालय भिवानी<br>DEPUTY COMMISSIONER OFFICE, BHIWANI<br>**आदेश**<br>निदेशक, माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पचंकूला के पत्र क्रमांक एस0पी0एल0–5/19–2024 दिनांक 19–05–2024 द्वारा जारी निर्देशों की पालना में जिला भिवानी में गर्मी की अत्यधिक अधिकता को देखते हुए बालवाटिका से बाहरवीं कक्षा तक के सभी सरकारी/अर्ध–सरकारी/निजी विद्यालयों का इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2346/एम0बी0 दिनांक 22–05–2024 के निरंतर में दिनांक 27–05–2024 से 31–05–2024 तक अवकाश घोषित किया जाता है तथा यह भी आदेश दिये जाते है कि शिक्षक, गैर–शिक्षक व कर्मचारी/अधिकारी पूर्व की भांति विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, भिवानी को निर्देश दिए जाते है कि वे सुनिश्चित करें कि कोई भी बालवाटिका से बाहरवीं कक्षा तक के सरकारी/अर्ध–सरकारी/निजी विद्यालय अवकाश अवधि के दौरान बच्चों के लिए खुले ना रहे। इन आदेशों की दृढ़ता से पालना की जावे।<br>उपायुक्त, भिवानी।<br>पृ0क्रमांक 2409/एम0बी0 दिनांक 26.05.2024<br>इसकी एक प्रति निम्नलिखित को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2346/एम0बी0 दिनांक 22–05–2024 के निरंतर में सूचना एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित है:–<br>1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पचंकूला को उनके पत्र क्रमांक एस0पी0एल0–05/19–2024 दिनांक 19–05–2024 के सन्दर्भ में।<br>2. जिला शिक्षा अधिकारी, भिवानी।<br>3. जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, भिवानी।<br>4. सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी स्थित जिला भिवानी।<br>5. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी, भिवानी।<br>उपायुक्त, भिवानी।<br><br>**अथवा**<br>• परिचय<br>• अनुभव<br>• शैक्षणिक योग्यता<br>• उपलब्धि<br>• रुचि | |
| 12 | (क) | सूचना प्रदान करना<br>शिक्षित/ जागरूक करना<br>मनोरंजन करना<br>निगरानी करना<br>एजेंडा तय करना<br>विचार विमर्श के मंच | 3 |
| | (ख) | दृश्य योजना में अंतर<br>नाटक सजीव कला का माध्यम जबकि पटकथा रिकॉर्डिड<br>नाटक - सीमित अवधि, पटकथा - कोई निश्चित अवधि नहीं<br>नाटक - दृश्यों व पात्रों की संख्या सीमित, पटकथा - निश्चित नहीं | 2 |
| 13 | (क) | • पूर्णतः असहमत<br>• करुणा का भाव गीत की आवश्यकता के अनुसार<br>• जीवन से जुड़ाव | 3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • करुण रस के गानों के स्वर में भी कोमलता | |
| | (ख) | • जल को प्रकृति की अनमोल धरोहर बताया है<br>• मरुभूमि में कुंई और कुओं के महत्त्व को दर्शाया गया है।<br>• भावी पीढ़ी लिए पानी के बचाव प्रति सजगता। | 2 |
| | (ग) | • बड़े लड़के की दो महीने से कोई सूचना न होना।<br>• बेटे को ले जाने वाले लोगों से संतोषजनक उत्तर न मिलना। | 2 |
| 14 | (क) | यमक - समान शब्द लेकिन अर्थ अलग<br>जैसे - काली घटा का घमंड घटा<br>(बादलों की घटा) (कम होना)<br>श्लेष - शब्द एक लेकिन अर्थ दो या दो से ज़्यादा<br>मंगन को देख पट देत बार - बार है<br>पट - वस्त्र और दरवाज़ा | 3 |
| | (ख) | एक + एक, पो + अन | 1+1=2 |
| 15 | (क) | 'गीता' में यह बताया गया है कि कर्म करो फल की चिंता मत करो। हमारे हाथ में केवल कर्म करना है। उस कर्म का फल प्राप्त करना हमारे हाथ में नहीं है। अतः 'गीता' कहती है कि कर्तव्य को ही अपना अधिकार समझकर उसमें ही अपनी ऊर्जा और क्षमता को विश्वासपूर्वक लगा दो। फल की इच्छा अर्थात् भविष्य की चिन्ता मत करो। | 2 |
| | (ख) | एक युवक से आधी रात के समय सो रहा था। अचानक वह उठा और 'बचाओ-बचाओ' चिल्लाते हुए भागा। इससे पहले कि परिवार के लोग उसे पकड़ पाते. वह भागते-भागते दूर जाकर गिर पड़ा और बुरी तरह घायल हो गया। पूछने पर उसने बताया कि सोने से पहले वह ऐसा ही उपन्यास पढ़ रहा था। उस उपन्यास की घटना ने उसके मस्तिष्क पर ऐसा प्रभाव डाला जिसका परिणाम यह निकला। | 2 |
| | (ग) | • प्रतिकूल परिस्थितियों में धैर्य धारण करना | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • परीक्षा परिणाम में तनिक सी प्रतिकूलता में निराशा व अवसाद की बजाय धैर्य धारण करना | 2 |
| | (घ) | • भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन में वैज्ञानिक<br>• सन् 1992 से 1999 तक रक्षामंत्री के विज्ञान सलाहकार तथा सुरक्षा शोध और विकास विभाग के सचिव<br>• भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार थे।<br>• भारत के राष्ट्रपति - जुलाई 2002 से जुलाई 2007 तक | 2 |